Regarding financial irregularities by FCI officials in Odisha

श्री प्रदीप पुरोहित (बारगढ़) : धन्यवाद सभापति महोदया, मैं फूड एंड सिविल सप्लाई मंत्रालय से एक सवाल पूछना चाहता हूं । ओडिशा में 60 लाख मीट्रिक टन चावल का उत्पादन होता है, वह मिल के जरिये एफसीआई को जाता है, जो एफसीआई अधिकारी ओडिशा में हैं, वे 250 कुंतल की एक लॉट बनाते हैं । एक लॉट लेने के लिए एफसीआई अधिकारी बिना रसीद के 3500 रुपये लेते हैं, उसमें 60 लाख मीट्रिक टन के लिए 100 करोड़ रुपये की लूट एफसीआई वाले मिलों से करते हैं और दूसरा लेबर कांट्रैक्ट के जरिये, जो पैसा केन्द्र सरकार लेबर को देता है, वह भी मिल अधिकारी से जाता है, दोनों तरफ से जाता है, उसकी कोई रिसिप्ट नहीं देता है । यह जो 100 करोड़ रुपये का घोटाला एफसीआई अधिकारी ओडिशा में कर रहे हैं, उसकी जांच करने के लिए मैं फूड एंड सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट से अनुरोध करता हूं ।